तीन बार सर्वे, वर्षों से अटका हुआ है फालना-जालोर रेल मार्ग

जालोर, (कासं)। जालोर जिले को पाली जिले को रेलसेवा से जोड़ने वाले प्रोजेक्ट पिछले तईस वर्षो से कागजो में सिमटा हुआ है। जबकि केन्द्र में पाली जिले के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के पास रेल्वे मंत्रालय का जिम्मा होने के बावजूद भी इस मार्ग को नजर अंदाज किया जा रहा है। जबकि 2001 में जालोर सिरोही भाजपा सांसद व रेल राज्य मंत्री रह चुके लक्ष्मण बंगारु द्वारा इस मार्ग के लिए सर्वे भी करवाया गया था। इस रुट के लिए अब तक तीन बार सर्वे हो चुका है। रेल मंत्री के गृह जिले में ही फालना से तखतगढ़ होते हुए जालौर तक प्रस्तावित रेलवे लाइन पिछले 23 वर्षों से स्वीकृति के अभाव में अटकी हुई है।

जालोर से फालना रेल लाईन के लिए सर्वे होने के बावजूद प्रोजेक्ट ठंठ बस्ते में पड़ा है। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर जिले के सांसद लुंबाराम चौधरी ने जालौर-सिरोही को पहली बार रेलवे से जोडने का ऐतिहासिक कार्य करते हुए सरूपगंज से बागरा तक 96 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन को मंजूरी दिलवाई है। यह कार्य जालौर-सिरोही क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। लेकिन हैरानी की बात यह है कि रेल मंत्री के गृह जिले में ही फालना से तखतगढ होते हुए जालौर तक प्रस्तावित रेलवे लाइन पिछले 23 वर्षों से स्वीकृति के अभाव में अटकी हुई है। इस रेल लाइन का सर्वे सबसे पहले वर्ष 2001 में तत्कालीन रेल राज्य मंत्री लक्ष्मण बंगारू के कार्यकाल में हुआ था। इसके बाद वर्ष 2020 और 2021 में दोबारा सर्वे कराए गए, जिन पर अब तक 17 करोड रुपये से अधिक खर्च हो चुका है, लेकिन फिर भी रेलवे मंत्रालय की ओर से इसे कोई अंतिम स्वीकृति नहीं मिल सकी। वर्ष 2001 में तत्कालीन रेल मंत्री लक्ष्मण बंगारू ने इस रूट का सर्वे करवाया था। उस समय रेलवे इंजीनियरिंग विभाग ने 459 करोड का विस्तृत प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, लेकिन जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते आज तक कोई प्रगति नहीं हो सकी। इस रूट के स्वीकृत होने से दर्जनों गांवों को रेलवे सुविधा मिलेगी, यात्रा खर्च घटेगा और करोडों की मौजूदा बर्बादी रुकेगी।

इस रेल मार्ग के लिए प्रस्तावित स्टेशन हैं:- जालोर। जालोर से फालना के बीच रेल मार्ग के लिए फालना, सांडेराव, तखतगढ, बेदाना, उम्मेदपुर, गांगावा, आहोर, भैंसवाडा, कानिवाडा और जालोर के लिए रेलवे ने इन स्टेशनों के लिए फाटकों व तकनीकी कारणों से दोबारा सर्वे भी करवाया, लेकिन कार्य की गति ठप रही।

ग्रेनाइट, प्रवासी व उद्योग सबके लिए राहत का मार्ग

यह रेलवे लाइन न केवल ग्रेनाइट व्यवसाय के लिए लाभकारी है, बल्कि दक्षिण भारत में बसे लाखों प्रवासी नागरिकों को भी सीधी सुविधा दे सकती है। तखतगढ़ जैसे कस्बे, जो आज भी औद्योगिक विकास से वंचित हैं, वहां बडे उद्योगों की स्थापना की संभावनाएं इस रेल मार्ग से जुडी हैं। मारवाड-गोडवाड क्षेत्र की जनता अब एकजुट होकर मांग कर रही है कि फालना-जालोर रेल परियोजना को जल्द से जल्द स्वीकृति दी जाए, जिससे क्षेत्र का आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके।

फालना-जालोर रेल मार्ग कमजोर पैरवी से ठंडे बस्ते में

पैसेंजर यात्री गाडी संघर्ष समिति राजसमंद से जालोर तक के मार्बल व जालोर के अध्यक्ष हीराचंद भंडारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर जालोर से फालना नई रेलवे लाइन की स्वीकृति की मांग की है। उन्होंने कहा कि पाली-जालोर-सिरोही के सांसदों को चाहिए कि वे जनता की इस मांग को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और इस रेलवे लाइन की मंजूरी के लिए पूरी ताकत से पैरवी कर जनता को राहत दे।

पश्चिमी राजस्थान रेल विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल जोशी ने बताया कि इस रुट के लिए तीन बार सर्वे हो चुका है। अभी तक इस रुट को नजर अंदाज किया जा रहा है।

सुमेरपुर के पूर्व विधायक प्रत्याशी और पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा ने कहा कि वर्तमान में केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा की सरकार है, ऐसे में इस महत्वपूर्ण परियोजना का वर्षों से लंबित रहना चिंता का विषय है।

गोल्ड मेडल विजेता पूनिया का सम्मान

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ यूपीआरएमएस ने देहरादून उत्तराखण्ड में आयोजित राष्ट्रीय मास्टर्स तीरंदाज़ी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता जोधपुर के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट का सम्मान किया।

लोको ब्रांच अध्यक्ष केके मीणा ने बताया कि यूपीआरएमएस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जोनल महामंत्री अजय शर्मा, मंडल सहायक सचिव गौरव गोदारा, भगवती प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, ब्रांच सचिव डीके पारासर, मंजू आजाद, दिनेश चौधरी, ब्रांच उपाध्यक्ष भंवरलाल जाखड़, मुरारी प्रसाद, तरुण वैष्णव, नरेश खींची, बाबू लाल सोलंकी, सुरेश जाखड़ सहित सैकड़ों रेल कर्मचारी उपस्थित थे। अजय शर्मा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि लोको पायलट की नौकरी के साथ साथ कुलदीप ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो वास्तव में अनुकरणीय हैं। उपस्थित सभी कर्मचारियों ने ने माला पहनाकर पूनिया का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन भंवरलाल जाखड़ ने किया।

रेलखंड का निरीक्षण

जोधपुर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जोधपुर-मेड़ता रोड-बीकानेर रेल खंड के स्टेशनों का निरीक्षण कर मूलभूत यात्री सुविधाओं व विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया।

उन्होंने जोधपुर मेड़ता रोड रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया तथा मंडल के मेड़ता रोड,मारवाड़ मुंडवा,नागौर,बदवासी और नोखा रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध मूलभत यात्री सुविधाओं का जायजा लिया और उनके संरक्षण और उन्नयन के निर्देश दिए। राकेश कुमार ने मेड़ता रोड डेमू शेड का निरीक्षण किया तथा ट्रेनों के रखरखाव और कार्मिकों की दक्षता की जानकारी ली। बाद में उन्होंने मेड़ता रोड,नागौर व नोखा रेलवे स्टेशनों के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कराए जा रहे पुनर्विकास कार्यों का अवलोकन किया और कार्य के गुणवत्ता मानकों को ध्यान में रखते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसून सीजन के मद्देनजर अंडरपासों से जल निकासी की व्यवस्था जांची। अपर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल मार्ग पर परिचालन क्षमता,सुरक्षा व संरक्षा और यात्री सेवाओं में वृद्धि तथा फीडबैक के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बातचीत की। अधिकारियों ने स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक,सिग्नलिंग सिस्टम,और अन्य परिचालन संबधी पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

बिजली रहेगी गुल आज

गुड़ामालानी, (कासं)। विधुत विभाग गुडामालानी सहायक अभियंता देवेन्द्र कच्छवाह ने बताया कि आज रविवार को 132 केवी जीएसएस में मरम्मत कार्य होने को लेकर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक 132 केवी जीएसएस गुडामालानी से निकलने वाले 33 केवी फिल्डर गादेवी, सिधासवा हरनियान,भैडाना,व एनसीपी के फीडर बंद रहेंगे। जिसमें इन पर जुडे समस्त उपभोक्ताओं की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। 33 केवी फीडर गुडामालानी पर जुडे समस्त उपभोक्ताओं की विधुत सप्लाई बंद रह सकतीं हैं।

बैठक आयोजित

जोधपुर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता की निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद के सेमिनार हॉल में एक बैठक का आयोजन किया गया।

■ यह बैठक कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में

यह बैठक कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें संकाय सदस्य, चिकित्सकगण, आवासीय चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। बैठक में चिकित्सालय अधीक्षक प्रोफेसर गोविंद गुप्ता ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

आनंद राज घनश्याम मंदिर कल्यानेश्वर महादेव का वार्षिकोत्सव मनाया

जालोर, (कासं)। आनंद राज घनश्याम मंदिर कल्यानेश्वर महादेव का द्वितीय वार्षिक मेला महोत्सव शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार रात्रि को भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें स्थानीय भजन गायको ने भगवान राधे कृष्णा भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति दी।

शनिवार को शुभ मुहूर्त मेला में लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर के शिखर पर ध्वजा चढाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण के जयकारे गूंज उठे। वार्षिक मेला महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया भगवान को अनुकू का प्रसाद का भोग लगाया गया। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजित वार्षिक मेला महोत्सव कार्यक्रम में अमर ध्वज के लाभार्थी शिवनारायण शर्मा, दिलीप शर्मा, विष्णु शर्मा, नरेश हटीला, राजेश शर्मा, रमेश डी हटील, राधा कृष्ण मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई। कल्यानेश्वर महादेव मंदिर शिखर पर कैलाश अग्रवाल मोहनलाल अग्रवाल परिवार द्वारा ध्वजा चढाई गई। मंदिर समिति के राजेंद्र अग्रवाल प्रकाश बंसल जगदीश सोनी जगदीश रामावत गिरधर बंसल कमल गुप्ता राकेश बंसल मंदिर के पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा हिमांशु शर्मा मेला महोत्सव कार्यक्रम में व्यवस्था को लेकर सहभागिता निभाई। मनसुख खंडेलवाल ने भी कार्यक्रम में व्यवस्था में सहयोग किया।

जालोर में आनंद राज धनश्याम मंदिर कल्यानेश्वर महादेव का वार्षिकोत्सव मनाया। फोटो राष्ट्रदूत

वार्षिक मेला महोत्सव कार्यक्रम के अमर ध्वज लाभार्थी परिवार के शिवनारायण शर्मा, दिलीप शर्मा, विष्णु शर्मा, रमेश डी हटीला, नरेश हटीला, राजेश शर्मा व मंदिर समिति के राजेंद्र अग्रवाल, प्रकाश बंसल, कमल फूटर माल शर्मा, रितेश शर्मा, राकेश बंसल, मंदिर पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला आज

जालोर, (का.सं.)। प्रो. पी.सी. महालनोबिस की स्मृति में 29 जून, रविवार को सांख्यिकी दिवस पर ''75 इयर ऑफ नेशनल सेम्पल सर्वे'' विषय पर जिला परिषद सभागार जालोर में प्रातः 10 बजे जिला स्तरीय समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम से संबंधित जानकारी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के उप निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने दी।

जैन संतों का नगर प्रवेश

जालोर में चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश पर मुनिराज सुमतिचंद्र सागर महाराज, शीतलचंद्र सागर महाराज एवं साध्वी का लोगों ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के चार थूई जैन संघ के तत्वावधान में शनिवार को चातुर्मास के लिए मुनिराज सुमतिचंद्र सागर महाराज एवं मुनिराज शीतलचंद्र सागर महाराज एवं साध्वी वृंद 8 का ऋषभदेव मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात खिरनी बाव स्थित चार थूई धर्मशाला में प्रवेश कार्यक्रम धूम धाम से गाजते बाजते संपन्न हुआ।

मुनिराज ने चातुर्मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनमानस को प्रवचन दिया। चातुर्मास के संयोजक कैलाश मोहनोत ने सभी को अधिक से अधिक तपस्या करने का निवेदन किया। चातुर्मास के मुख्य लाभार्थी देवेन्द्रराज मेहता परिवार व अन्य सहयोगकर्ताओं का अध्यक्ष दिनेश सोनेगरा व कार्यकारणी ने बहुमान किया। अवसर पर संघ के सचिव देवेन्द्र राज मेहता, रमेश बोहरा, अरविंद चौधरी, कालूराज मेहता, दिनेश चौधरी, रुपेश जैन, अनीश मेहता, सुरेश बागरेचा, धीरज मेहता, धर्मेंद्र पटवा, पवन संखलेचा, कृष्ण कुमार, मुरलीकृष्ण सेठ, नरेंद्र सैठ, अमन मेहता, प्रवीण जैन, त्रिलोकचंद मेहता, रजनीकांत नीबाजिया, महिला मंडल के सुशीला मेहता, निशा पारख, प्रफुल्ला बोहरा, सुशीला बोहरा, सीमा जैन, दीक्षा कोठारी, आदि उपस्थित थे।

भाद्राजून क्षेत्र में अफीम व स्मैक बरामद की

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के भाद्राजून पुलिस ने शनिवार को अवैध मादक पदार्थ अफीम 4.63 ग्राम, गांजा 5.12 ग्राम, स्मैक 0.47 ग्राम जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया एवं तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया। तस्करी में प्रयुक्त जब्त वाहन कार की कीमत 10 लाख रूपये आंकी गई है।

भाद्राजून थानाधिकारी महेन्द्रसिह के नेतृत्व में नाकाबंदी में एक कार को रुकवाकर तलाशी दी गई तो गाडी में सवार कुलदीपसिंह पुत्र रघुनाथसिंह, जाति राजपुरोहित, उम्र 24 साल, निवासी चाडवास पुलिस थाना शिवपुरा जिला पाली, युवराजसिंह पुत्र दलपतसिंह, जाति राजपुरोहित, उम्र 25 साल, निवासी चाडवास पुलिस थाना शिवपुरा जिला पाली, 03.प्रशान्त पुत्र जबरसिंह, जाति राजपुरोहित उम्र 29 साल निवासी मीरावास पुलिस थाना शिवपुरा जिला पाली व गजेन्द्रसिंह पुत्र मदनसिंह, जाति राजपुरोहित उम्र 24 साल, निवासी बडीहेच रूपावास थाना शिवपुरा जिला पाली के कब्जे से अफीम 4.63 ग्राम, गांजा 5.12 ग्राम, स्मैक 0.47 ग्राम बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पन्नालाल उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना नोसरा द्वारा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

गेटकीपर की मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकट झालामंड स्थित एक इंफ्राट्रेक्चर कंपनी में काम करने वाले गेट कीपर की संदिज्ध हालात में मौत हो गई। कंपनी प्रबंधन ने पहले उसके हार्ट अटैक से मौत होना बताया फिर करंट आने की बात की। इतना ही नहीं पुलिस को सूचना नहीं दी और शव को भी कंपनी के एक डीप फ्रीज में रखवा दिया और शव गांव ले जाने के लिए परिवार पर दबाव बनाया। मामले को लेकर पिता जोधपुर पहुंचे और हत्या की आशंका व्यक्त की है। आज सुबह परिवार के लोग कुड़ी थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा भी किया। फिलहाल उन्हें शांत करवा मामले में अग्रिम पड़ताल शुरू की गई है। शव को एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया है।

बीकानेर के छतरगढ़ स्थित एसएलडी राणेरा निवासी मोहर सिंह पुत्र सादुल सिंह ने अपने बेटे 23 वर्षीय कानसिंह की मृत्यु पर संदेह जताया है। उसने बेटे की हत्या की आशंका जताई है। उसका कहना है कि उसका बेटा कानसिंह पिछले दो साल से झालामंड स्थित आदेश्वर इंफ्राट्रेक्चर में गेट कीपर के पद पर कार्यरत था। 26 जून को उसके छोटे पुत्र का कॉल आया और वह रो रहा था। रोने का कारण पूछने पर वहा कि वह गांव आकर बताएगा।

रजिस्टर्ड - ए डी

प्रपत्र 6

राजस्थान सरकार

कार्यालय राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राजस्थान, जयपुर

हैण्डलूम हवेली, अशोक मार्ग, सी. स्कीम, जयपुर

अपील / निगरानी संख्या 228/24

ग्रास फील्ड फायर कैपिटल डेवलपर्स अपीलार्थी

बनाम

अमित कुमार अग्रवाल प्रत्यर्थी

(अपील अन्तर्गत धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019)

प्रेषित : अमित कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रमेश कुमार अग्रवाल 1029/3 साई एन्क्लेव निवास हाल निवासी 1312/6, बुन्देला एनक्लेस 32 विंग, एयर फोर्स स्टेशन जोधपुर

'श्री ग्रास फील्ड फायर कैपिटल डेवलपर्स ने इस आयोग के समक्ष जिला मंच जयपुर-IV के आदेश दिनांक 19-6-23 जो परिवाद संख्या 378/20 उपवानी ग्रास फील्ड फायर कैपिटल डेवलपर्स बनाम बनाम अमित कुमार में पारित हुआ हैं, के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की है। अपील व प्रलेखों की प्रतियां संलग्न की जा रही हैं।

आपको के समक्ष दिनांक 11-7-25 को प्रात 10 बजे उपस्थित हों यदि आप द्वारा अधिकृत को प्रात 10 बजे उपस्थित हों यदि आप द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा राज्य आयोग के समक्ष दिनांक .....

को प्रातः 10 बजे उपस्थित हों। यदि आप द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपर्युक्त नियत तिथि व समय पर उपस्थित नहीं हुए तो अपील गुणावगुण के आधार पर एक पक्षीय कार्यवाही कर निर्णित कर दी जायेगी।

आज दिनांक 30~1~25 को जारी किया गया।

उप-पंजीयक/रीडर
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राजस्थान, जयपुर

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.07.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 135580730019269, 9379, 9445, 9508, 9519, 9520, 9526, 9541, 9544, 9547, 9558, 9562, 9580, बाडमेर, 138040700003808, 138040730029905, 138040730030271, 0283, 0302, 0306, 0326, 0430, 0431, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 138060730005660, 5661, 5823, 5855, 5863, 5864, 5866, 5896, 5906, 5916, 5917, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700046797, 114110730033834, 3870, 3888, 3891, 3932, 3947, 3960, 3981, 3988, 3989, 3992, 3993, 3995, 4010, 4025, 4036, 4041, 4054, 4062, 4064, 4092, महा मंदिर सर्कल, 123010700038144, 123010730044960, 5038, 5055, 5057, 5125, 5161, 5162, 5164, 5190, 5196, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700016363, 6426, 135610730013501, 3559, 3698, 3754, 3755, 3763, 3774, 3801, 3807, 3877, 3878, 3880, 3881, 3882, 3890, 3896, 3899, 3900, 3927, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700037148, 124320730032851, 3108, 3109, 3173, 3268, 3402, 3423, 3453, 3473, 3478, 3487, 3521, 3529, 3539, 3630, 3637, 3699, 3718, 3725, 3759, 3774, 3788, 3863, 3880, पाली, मानड्या रोड, 115370700022961, 115370730025342, 5521, 5654, 5659, 5708, 5735, सुमेरपुर, 135550730023206, 3272, 3284, 3285, 3289, 3295, सूरजपोल पाली, 115410700028338, 8433, 8441, 115410730023711, 3876, 4004, 4216, 4309, 4341, 4362, 4462, 4482, 4489, 4490, 4492, 4493, 4501, 4503, 4513, 4519, 4525, 4532, 4567, 4568, 4569, 4575, 4579, 4584, 4586, 4622, 4647, 4693, सिरोही, आबू रोड, 138340700001692, 138340730016761, 6880, 6944, 6945, 6983, 7005, 7060, 7120, 7140, बायपास रोड सिरोही, 138070700004237, 4257, 138070730006515, 6518, 6520, 6565, 6569, 6590, 6596, 6599, 6622, 6660, 6661, गौशाला रोड शिवगंज, 137980730009426, 9566, 9616, 9741, 9742, 9744, 9747, 9785, 137980780000080, सिरोही राजस्थान, 119970700021266, 1272, 1298, 1347, 1348, 119970730038360, 8475, 8499, 8541, 8547, 8569, 8572, 8579, 8598, 8605, 8609, 8614, 8625, 8632, 8637, 8645, 8646, 8652, 8654,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

करंट से मौत

जोधपुर, (कासं)। एयरपोर्ट थाना क्षेत्र सरदार क्लब में एक युवक को कीचन में काम करते वक्त फ्रीज से करंट लग गया।

उसे अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दी।

पुलिस ने बताया कि शेरगढ़ के गुमानपुरा पन्ने सिंह नगर निवासी जोगसिंह पुत्र सगत सिंह ने बताया कि उसका भाई शंभूसिंह यहां एयरपोर्ट स्थित सरदार क्लब में जवाहर कॉलोनी में रहकर कार्य करता था। वह कीचन में काम कर रहा था तब उसे फ्रीज से करंट लगा गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

रेजिडेंट डॉक्टरों ने संपूर्ण कार्य बहिष्कार किया

जोधपुर (कासं)। उदयपुर में डॉ. रवि शर्मा की वाटर कूलर में करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में शनिवार से जोधपुर में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर्स संपूर्ण हड़ताल पर चले गए। उन्होंने यहां पूर्ण कार्य बहिष्कार कर दिया। रेजिडेंट डॉक्टरों ने ओपीडी और वार्डों के साथ आपातकालीन इकाइयों में भी कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। हड़ताल से अस्पतालों में चिकित्सकीय व्यवस्थाएं चरमरा गई है। हालांकि उनकी हड़ताल के बाद सीनियर फैकल्टी ने मोर्चा संभाल रखा है लेकिन वह नाकाफी है।

जोधपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरालाल यादव ने बताया कि जोधपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स अब संपूर्ण कार्य बहिष्कार पर चले गए है। आईसीयू, आईओटी, लेबर रूम एवं इमरजेंसी सेवाओं को भी हड़ताल में ले लिया है। डॉ. यादव ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उदयपुर में वाटर कूलर की करंट से डॉ. रवि की मौत हो गई थी। उसके विरोध में प्रदेशभर में रेजिडेंट डॉक्टर कार्य बहिष्कार कर रहे है। अब अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की है। उनकी जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग है।

सभी मेडिकल कॉलेजों एवं हॉस्टलों की सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं एवं प्रशासनिक जवाबदेही की व्यापक समीक्षा एवं ऑडिट करवाई जाने की भी मांग है। साथ ही भविष्य में किसी भी रेजिडेंट के साथ इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु एक स्थायी निगरानी प्रणाली स्थापित की जाए। इसके लिए आवश्यक है कि जिस विभाग, अधिकारी या व्यक्ति की जो जिम्मेदारी है, उसे स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए तथा जवाबदेही तय की जाए।

चातुर्मास महोत्सव पर चर्चा

जालोर, (कासं)। जिला मुख्यालय पर सनातन धर्म प्रेमियों की बैठक का आयोजन सर्किट हाउस व गुरुकुल जालोर में किया गया। बैठक कथा वाचक युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के चातुर्मास कार्यक्रम को लेकर की गई।

बैठक युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के सानिध्य में व मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में आयोजित हुई। बैङ्क में चातुर्मास कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। साथ ही सभी ने कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी। जिसमें अध्यक्ष पर मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग को दायित्व दिया। साथ ही सचिव पद पर कानाराम मेघवाल व पुखराज राजपुरोहित को जिम्मेदारी सोंपी। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भवानी सिंह धाँधिया व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी नंदकिशोर जेथलिया को सोंपी। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सुरेश सोलंकी को सौंपी। चातुर्मास कार्यक्रम 11 जुलाई से 8 अगस्त तक होगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। कथा स्थल सहित भगत सिंह स्टेडियम सेवा भारती कार्यालय के सामने रहेगा। 11 को युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज का जालौर आगमन रहेगा। 12 से 18 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा, 19 से 23 जुलाई तक नानी बाई का मायरा का आयोजन होगा।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति रानिवाडा जिला जालौर (राज.)

(सांचौर बाई पास रोड, रानीवाडा 343040) Tel / Fax : 02990-232065

http://agriculture.rajasthan.gov. in E- mail :- kums.raniwara@rajasthan.gov.in

क्रमांक : कृउमसरा / संस्था / 2025-26 /215 दिनांक : 27.06.2025

-: निविदा सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति के मुख्य / गौण मण्डी प्रागंण में निम्नलिखित विवरणानुसार कार्यो / वस्तुओ / सुविधा मंदो की आपूर्ति के लिए ईच्छूक एवं योग्य पंजीकृत बोलीदाता / संवेदको / निविदाताओ से प्रतियोगी संविदा दर प्राप्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में मुहरबन्द निविदाए दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 1:00 PM बजे तक आंमत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य/व्यवस्था सामग्री मद का विवरण	अनुमानित लागत (लाखो में)	धरोहर राशि (रु)	निविदा शुल्क (रु)	अंतिम दिनांक एंव समय		
					निविदा प्रपत्र विक्रय	निर्धारित धरोहर के साथ निविदा प्रस्तुति	प्राप्त निविदाएँ खोला जाना
1	चौकीदारी व्यवस्था	3.91	7,820	200	16.07.2025 को 12:00 PM तक	16.07.2025 को 01:00 PM तक	16.07.2025 को 04:00 PM तक
2	सफाई व्यवस्था	2.31	4,620	200			
3	कम्प्युटर आपरेटर (कार्यालय एवं ई-नाम परियोजना)	2.97	5,940	200			
4	कार्यालय उपयोगी वाहन	1.50	3,000	200			
5	विधुत व्यवस्था रखरखाव	0.60	1200	200			
6	मीठा पानी टेंकर सप्लाई	0.50	1000	200			
7	लेखन सामग्री एवं मुद्रण व्यय	0.40	800	200			

नोट - 1. क्रम संख्या 01 से 03 तक दर्ज मद के सम्बन्ध मे पहले तकनीकी निविदा खोली जाएगी व तकनीकी मूल्याकन में अर्हता प्राप्त करने वाले निविदा दाताओ की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।

2. इच्छुक पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / निविदादाता अपने आवेदन / मुहरबन्द निविदाए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 1:00 PM बजे तक निर्धारित निविदा शुल्क / धरोहर / प्रतिभुति राशि के संचिव कृषि उपज मण्डी समिति रानीवाडा के नाम देय डी.डी / बैकर्स चैक के साथ व्यक्तिशः अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रस्तुत कर सकते है डाक से प्रेषित निविदा / आवेदन के गुम होने या निर्धारित तिथि / समय के पश्चात प्राप्त होने के सम्बन्ध में निविदादाता / बोलीदाता / आवेदक स्वय जिम्मेदार होगा इस सम्बन्ध में कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

3. निविदा सम्बन्धी शर्ते एवं अन्य जानकारी व निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, रानीवाडा मे उपस्थित होकर देखे / प्राप्त की जा सकती है। अथवा लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://agriculture.rajasthan.gov.in./content/agriculture/en/RAM-dep.html# से डाउनलोड किये जा सकते है।

4. प्राप्त दरों की संविदा अवधि कार्यादेश जारी होने से एक वर्ष के लिए होगी जिसे कार्य संविदा निष्पादन सतोष जनक होने पर अधिकतम छः माह अथवा एक वर्ष के लिए बढाया जा सकता है।

5. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सदैव सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
रानीवाडा (जालोर)